एसआईआर में लापरवाही पर इक्कीस बीएलओ व 2 सुपरवाईजरों को नोटिस

नवभारत न्यूज
शिवपुरी, 3 नवम्बर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रवीन्द्र कुमार चौधरी द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण वर्ष 2026 के कार्य में लापरवाही बरतने वाले विधानसभा क्षेत्र करैरा, पोहरी, शिवपुरी, पिछोर एवं कोलारस के 21 बीएलओ एवं 2 सुपरवाईजरों को कारण बताओ नोटिस जारी किए है।

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) के तहत शा.उ.मा.वि. डामरौन (करैरा) सीएसी एवं भाग संख्या 214, से 217 एवं 240 से 246 के बीएलओ सुपरवाईजर संतोष शर्मा तथा शा.उ.मा.वि. दिनारा (करैरा) सीएसी एवं भाग संख्या 290, से 293 एवं 303 से 309 के बीएलओ सुपरवाईजर संतोष अहिरवार को अनुपस्थित रहने एवं आयोजित ट्रेनिंग, मैपिंग एवं अन्य निर्वाचन कार्यों रूचि न लेने तथा बीएलओ कार्यों का पर्यवेक्षण नहीं किए जाने के फलस्वरूप विधानसभा क्षेत्र 23 करैरा की औसत प्रगति कम होने के कारण यह कार्यवाही की गई है।

इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र करैरा के बीएलओ रामनिवास, शंभूदयाल झा, रविशंकर शर्मा, शिवचरण आदिवासी, राजेन्द्र सक्सेना, अशोक पिप्पल, रामकिशन लोधी, सुरेश चंद्र मिश्रा, विजय सिंह रावत, विधानसभा क्षेत्र पोहरी के बीएलओ राजेन्द्र सिंह जाटव, गोवर्धन त्यागी, सुनील, यतीश अग्रवाल, महमूद सिद्दीकी, परमाल सिंह गुर्जर, विधानसभा क्षेत्र शिवपुरी के बीएलओ विमल जैन, तारिक मोहम्मद सिद्धकि, अरविंद कुमार गुप्ता, विधानसभा क्षेत्र पिछोर के बीएलओ हेमराज चाककार, विधानसभा क्षेत्र कोलारस के बीएलओ राकेश रघुवंशी एवं बसंत भगत को कारण बताओ नोटिस जारी किए है। उक्त बीएलओ द्वारा चार दिनों से बीएलओ एप पर मेपिंग संबंधी कोई भी कार्य नहीं किए जाने की स्थिति में गंभीर उदासीनता एवं अनुशासनहीनता का संज्ञान लिया गया। उक्त मेपिंग संबंधी कार्य न किए जाने से विधानसभा एवं जिले की प्रगति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

वन परिक्षेत्र सतनवाड़ा में अवैध अतिक्रमण से 50 बीघा वन भूमि को कराया मुक्त

नवभारत न्यूज
शिवपुरी, 3 नवम्बर। वन सीमा परिक्षेत्र सतनबाड़ा में अवैध रूप से वन भूमि पर अतिक्रमण करने वालों पर लगातार वन विभाग सतनबाड़ा के द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में वन मण्डलाधिकारी डीएफओ सुधांशु यादव एवं आदित्य शांडिल्य उपवनमण्डलाधिकारी उप वनमण्डल शिवपुरी के निर्देशन में वन परिक्षेत्र अधिकारी सतनवाडा माधव सिंह सिकरवार के द्वारा अपने वन अमले के साथ कार्यवाही की गई और इस कार्यवाही में वन विभाग के द्वारा करीब 50 बीघा वन भूमि को अतिक्रम से मुक्त कराते हुए उस बन भूमि पर बबूल के बीजों का छिड़काव किया गया ताकि कोई अन्य भविष्य में वन भूमि पर कब्जा न कर सके। इसके साथ ही अवैध रूप से वन परिक्षेत्र सतनवाडा में अवैध रेत का उत्खनन कर परिवहन करते हुए एक डमफर को भी पकड़ा गया और जब्ती की कार्यवाही की गई। इन कार्यवाहियों से वन विभाग वन माफियाओं को सचेत कर रहा है कि किसी भी रूप में वन भूमि पर अतिक्रमण और अवैध उत्खनन व परिवहन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा अन्यथा इसी तरह लगातार कार्यवाही जारी रहेगी। इस कार्यवाही से वन माफियाओं में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार वन परिक्षेत्राधिकारी सतनबाड़ा माधव सिंह सिकरवार को जरिए सूचना मिली कि वन भूमि सतनबाड़ा वन क्षेत्र की बीट धौलागढ़ के कक्ष क्रमांक 903, 905 एवं 906 में लंबे समय से 50 बीघा (16 हेक्टेयर) में अवैध रूप से वन भूमि पर अतिक्रमण करने कर वन भूमि पर कब्जा किया जा रहा है और यहां वन भूमि पर फसल बोने की तैयारी की जा रही थी। इस सूचना पर तत्काल प्रभाव से वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में वन परिक्षेत्राधिकारी सतनबाड़ा माधव सिंह सिकरवार के द्वारा वन अमले के साथ मौके पर पहुंचकर देखा गया तो पाया कि वन भूमि 50 बीघा भूमि पर वन माफियाओं के द्वारा अतिक्रमण कर कर खेती की जा रही थी जिसे मौके पर ही जेसीबी के माध्यम से नष्ट किया और वन भूमि को संरक्षित करते हुए मौके पर ही वन अमले से बबुल के बीजों का छिड़काव कराया गया ताकि वन भूमि में यहां भविष्य में बबूल के पौधे पेड़ बनकर तैयार हो सके।

इस कार्यवाही के दौरान वन परिक्षेत्र अधिकारी माधव सिंह सिकरवार के साथ परिक्षेत्र सहायक नंदन रायकवार, संदीप लिटोरिया, अबधेश अग्रवाल, मुकेश गढ़वाल, मनोज जाटव व स्टाफ मौजूद रहा जबकि दूसरी ओर बन सीमा में लगातार लंबे समय से वन भूमि को छलनी करते हुए अवैध रूप से उत्खनन कर डंफर के द्वारा अवैध परिवहन किया जा रहा था इस सूचना पर भी तत्काल कार्यवाही करते हुए रेंजर माधव सिंह सिकरवार के द्वारा एक डंफर एमपी 33 एच 1034 को मुखबिर की सूचना पर पकड़ा इसके पूर्व ही डम्फर झिरियन मंदिर के समीप ही मौजूद रेत को वही फेंककर भाग रहा रह तभी चालक मौके से भाग निकला और डंफर को वन विभाग ने जब्ती में लिया। बता दे कि इस डम्फर के द्वारा लंबे समय से रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन किया जा रहा था जो कि 15 साल 11 माह पुराना बताया जा रहा है, और बिना फिटनेस के हो इस वाहन से कारोबार किया जा रहा था जिस पर इस वाहन को जब्त किया गया। इस कार्यवाही में वन परिक्षेत्र सहायक सुनील सेन, के के शर्मा, सतीश मौर्य, शिवराज लोधी, मधुर शाक्य, गौरव शमी, विजय गौड, पप्पू सोनी, विजय, घनश्याम व संतोष आदि शामिल रहें।

एसआईआर कार्य में लापरवाही बरतने वाले बीएलओ एवं सुपरवाईजरों के विरूद्ध कार्यवाही के प्रस्ताव भेजें : कलेक्टर

शिवपुरी। कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (स्ढ्क्र) अंतर्गत निर्वाचक नामावली से संबंधित कार्य को पूर्ण गंभीरता से संपादित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के प्रति लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं होगी। कलेक्टर श्री चौधरी ने जिले के सभी एसडीएम एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जो बीएलओ एवं सुपरवाइजर अपने कार्य में लापरवाही या उदासीनता बरत रहे हैं, उनके विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही के प्रस्ताव तत्काल तैयार कर प्रेषित करें। उन्होंने कहा कि ट्रेनिंग, मैपिंग तथा अन्य निर्वाचन कार्य संवेदनशील दायित्व है, जिसे अत्यंत सजगता और जिम्मेदारी से पूरा किया जाना चाहिए।

खाद वितरण में अब ई-टोकन व्यवस्था किसान करें 07492-181 पर कॉल

नवभारत न्यूज
शिवपुरी, 3 नवम्बर। जिले के किसानों को उर्वरक सहजता से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी द्वारा खाद वितरण की ई-टोकन

जिले में 10 नवम्बर से शुरू होगी नई प्रणाली, कलेक्टर चौधरी ने की अपील

प्रणाली 10 नवम्बर से लागू की जा रही है। इस नई व्यवस्था के तहत किसान 07492-181 नंबर पर कॉल करके अपना पंजीयन करा सकेंगे। कलेक्टर चौधरी ने जिले के सभी किसानों से अपील की है कि वे 10 नवम्बर से प्रारंभ हो रही इस सुविधा का लाभ उठाएँ और समय पर पंजीयन कराकर अपनी आवश्यक खाद प्राप्त करें।

इस प्रणाली का उद्देश्य किसानों को पारदर्शी, समयबद्ध और सरल सुविधा प्रदान करना है। किसान अपने मोबाइल से कॉल कर खसरा नंबर, रकबा, ग्राम और तहसील की जानकारी ऑपरेटर को देकर पंजीयन कराएँगे। पंजीयन पूर्ण होने पर उर्वरक उपलब्धता के अनुसार एसएमएस के जरिए दिनांक और समय का ई-टोकन भेजा जाएगा। निर्धारित समय पर किसान अपने निकटतम विक्रय केंद्र से खाद प्राप्त कर सकेंगे। कृषि विभाग के उप संचालक पीएस करोरिया ने बताया कि इस प्रणाली से किसानों को लंबी कतारों में लगने की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे समय की बचत और पारदर्शिता दोनों में वृद्धि होगी।

नवीन एसएमएस व्यवस्था से होगा किसानों को खाद का वितरण : कलेक्टर

नवभारत न्यूज
शिवपुरी, 3 नवम्बर। रबी फसल सीजन वर्ष 2025-26 के लिए जिले में किसानों को खाद वितरण की व्यवस्था को आसान करने के उद्देश्य से कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने आगामी 10 तारीख से किसानों को खाद वितरण के लिए की गई नवीन

अंतर-विभागीय समन्वय बैठक में अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

एसएमएस व्यवस्था की तैयारी की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

आज जिलाधीश कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में अंतर-विभागीय समन्वय बैठक संपन्न हुई। बैठक में सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों

सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। समीक्षा बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजय राज, अपर कलेक्टर दिनेश चंद्र शुक्ला, संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर एवं अन्य जिला अधिकारी उपस्थित हुए।

कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने कहा कि जिले में स्थापित सीएम हेल्पलाइन 181 कॉल सेंटर के माध्यम से खाद प्रदाय टोकन की व्यवस्था की गई है। आगामी 10 तारीख से यह व्यवस्था जिले में संचालित की जाएगी। इस सुविधा का लाभ लेकर जिले के किसानों द्वारा आसानी से खाद प्राप्त किया जा सकेगा। इस व्यवस्था अंतर्गत रबी फसल सीजन 2025-26 में खाद प्राप्त करने के लिए किसानों को टोल फ्री नंबरों पर कॉल करके अपना नाम, खाता नम्बर, भूमि की पावती क्रमांक, रकबा, मोबाइल नंबर, तहसील का नाम, ग्राम का नाम, समीपस्थ खाद वितरण केन्द्र का नाम आदि आवश्यक जानकारी देना होगी। उपलब्ध खाद के स्टॉक अनुसार किसानों को उनके द्वारा दर्ज कराये गए मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से टोकन नंबर प्रदाय किया जाएगा। किसान एसएमएस में प्रदाय की गई जानकारी अनुसार निर्धारित दिनांक एवं समय पर उक्त खाद प्रदाय केन्द्र पर पहुंच कर अपना खाद प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि इससे किसानों को लाइनों में लगकर खाद प्राप्त करने की समस्या से छुटकारा मिलेगा और उनको समय पर एवं पूर्ण पारदर्शिता के साथ खाद भी प्राप्त होगा।

कलेक्टर श्री चौधरी ने कहा कि सभी अधिकारी यह प्रयास करें कि सीएम हेल्पलाइन में शिवपुरी जिला रैंकिंग में सुधार कर प्रदेश के अव्वल जिलों में शुमार हो। अधिकारी शिकायतों को अधिक दिनों तक पेंडिंग रखे। कलेक्टर द्वारा 50 दिवस की लंबित शिकायतों की समीक्षा की और ऐसे विभाग जिनके पास ज्यादा संख्या में प्रकरणों की लंबित स्थिति है, तत्काल सुधारने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर द्वारा समय सीमा में लंबित पत्रों के निराकरण की अधिकारियों से चर्चा करते हुए निराकरण की स्थिति का आंकलन किया गया। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि समय सीमा में लंबित पत्रों का निराकरण गंभीरता के साथ किया जाए, इनके निराकरण में कोई औपचारिकता नहीं बरती जाए।

शासन की लाडली बहना योजना की समीक्षा में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि ऐसे प्रकरण जिनमें पात्र हितग्राही को किसी कारणवश राशि मिलना बंद हो गई है, उन प्रकरणों का निराकरण कराकर संबंधित हितग्राही को पुन- राशि दिलाए जाने की कार्यवाही करें। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को लंबित प्रकरणों के निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी खाद्यान्न वितरण कार्य में मुस्तैदी से कार्य करें। जिस स्तर पर भी लापरवाही दिखाई दें, उचित कार्यवाही करें। साथ ही पात्र हितग्राहियों के शेष रहे ई-केवायसी कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने न्यायालयों में लंबित याचिकाएं तथा भू-अर्जन से संबंधित मामलों की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की। कलेक्टर श्री चौधरी ने कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त होने वाली समस्याएं समय पर हल होनी चाहिए। उन्होंने तात्याटोपे संग्रहालय में आवश्यक जीर्णोद्धार कार्य कराए जाने के ई.ई.पीडब्ल्यूडी को निर्देश दिए।

नरवाई प्रबंधन जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया

नवभारत न्यूज
शिवपुरी, 3 नवम्बर। जिले में नरवाई जलाने की घटनाओं पर नियंत्रण एवं प्रबंधन के लिए अब किसानों को जागरूकता रथ के माध्यम से भी जागरूक किया जाएगा।

नरवाई प्रबंधन हेतु जागरूकता रथ को सोमवार को जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव, उप संचालक कृषि पान सिंह करोरिया, कृषि विज्ञान केन्द्र वैज्ञानिक एम.के. भार्गव एवं सहायक कृषि यंत्री भगवान सिंह नरवरिया की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ गांव गांव घूमकर किसानों को बताएगा कि नरवाई जलाने से न केवल पर्यावरण प्रदूषण होता है बल्कि खेतों की मिट्टी की उर्वरा शक्ति भी नष्ट होती है, इसलिए नरवाई न जलाएं बल्कि सुपर सीडर का उपयोग करें।

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक पान सिंह करोरिया ने बताया कि खेतों में फसल कटाई के उपरांत नरवाई को जलाना पूर्णत: प्रतिबंधित है। यह रथ जिले में पूर्व में जिन ग्रामों में नरवाई की घटनायें हुई है उन ग्रामों में जाकर प्रचार-प्रसार के माध्यम से किसानों को बताएगा कि नरवाई न जलाएं बल्कि नरवाई प्रबंधन में उपयोगी कृषि यंत्र जैसे सुपर सीडर, मल्वर, स्लेशर, स्टा-रीपर आदि का उपयोग करें एवं नरवाई न जलाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

उत्कृष्ट कार्य के लिए दिनारा एसबीआई शाखा प्रबंधक सम्मानित

नवभारत न्यूज
शिवपुरी, 3 नवम्बर। भारतीय स्टेट बैंक ने मुंबई के ताज होटल में अपने उत्कृष्ट कार्य के लिए कर्मचारियों को सम्मानित करने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बैंक की विभिन्न शाखाओं के कर्मचारियों को उनके विशिष्ट कार्य और योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

भारतीय स्टेट बैंक के मंडल स्तर पर भोपाल मंडल में शाखा दिनारा के शाखा प्रबंधक सुनील कुमार जैन के कुशल नेतृत्व में दिनारा शाखा द्वारा बैंक के सभी पेरामीटर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मंडल की लगभग 1300 शाखाओं में से शाखा को चेयरमैन क्लब 2024-25 के लिए सिलेक्ट किया। मुंबई में आयोजित समारोह में भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन सीएस शेट्टी के द्वारा दिनारा शाखा प्रबंधक श्री एसके जैन को सम्मानित किया गया। श्री जैन के मधुर व्यवहार और खाता धारको के प्रति सहयोगात्मक कार्य प्रणाली की सदैव प्रसंशा की जाती रही है। उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित होने पर बैंक स्टॉफ सहित खाता धारको ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

खाद्यान्न की कालाबाजारी पर कलेक्टर की सख्त कार्रवाई

नवभारत न्यूज
पोहरी, 3 नवम्बर। कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी द्वारा खाद्यान्न की कालाबाजारी एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली में अनियमितताओं के विरुद्ध सतत सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री

लापरवाह परिवहनकर्ता ब्लैकलिस्ट

युवा अन्नदूत योजनांतर्गत कार्य में लापरवाही बरतने तथा खाद्यान्न को खुर्द-बुर्द करने के प्रयास के दोषी परिवहनकर्ता गोविन्द दास पाल, सेक्टर 19 के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराते हुए उसे ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई की गई है।

जिला आपूर्ति अधिकारी के प्रतिवेदन पर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पिछोर द्वारा थाना पिछोर में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध किया गया है। परिवहनकर्ता के विरुद्ध लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं कि वह प्रदाय केन्द्र से खाद्यान्न वाहनों में लोड कराकर भी संबंधित उचित मूल्य की दुकानों पर समय से नहीं पहुंचाता, जिससे वितरण प्रणाली प्रभावित हुई। इसके अतिरिक्त नियत समयावधि में अग्रिम उठाव न करने, विक्रेताओं से पॉस मशीन पर पावती न कराने, बीमा एवं जीपीएस प्रणाली को निष्क्रिय रखने तथा दुकानदारों से ओवरलोडिंग की अवैध मांग करने जैसी गंभीर अनियमितताएं की गईं। इन कार्यों से शासन की महत्वाकांक्षी योजना को विफल करने का प्रयास सिद्ध होता है।

मरीजों को ले जा रही एंबुलेंस दो दो घंटे जाम में फंसी रही

नवभारत न्यूज
सबलगढ़, 3 नवम्बर। नगर में प्रतिदिन लगने वाले जाम से इस क्षेत्र की जनता को कब मुक्ति मिलेगी यह तो सिर्फ ऊपर बाला जानता है क्योंकि यहां पदस्थ प्रशासन ने भी इस क्षेत्र की जनता को ऊपर वाले के भरोसे छोड़ दिया है।

सिविल अस्पताल से लेकर राम मंदिर तक जाम, सड़कों पर नहीं दिखती पुलिस

जाम का काम तमाम करने के लिए राजस्व प्रसाशन के प्रयास अभी तक सफल होते नजर नहीं आ रहे है अत्यावश्यक कार्यो के निराकरण हेतु आम नागरिकों को कार्यालय में पहुंचने में परेशानी आती है जाम में आवश्यक मरीजों एवं अन्य लोगों के फंसने से पूरे दिन का रूटीन खराब हो जाता है सोमवार को सुबह 10:00 बजे से ही सिविल अस्पताल से राम मंदिर तक इतना जाम कि 12:30 बजे

तक रास्ता साफ नहीं हो पाया जिससे सिविल हॉस्पिटल आने वाले एवं गंभीर घायल होने से रैफर होने वाले मरीजों एवं ज़रूरी न्यायालयीन व ऑफिशियल कार्यो से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है खेती किसानी एवं फसल बेचने जाने वाले किसानों को भी भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है लेकिन राजस्व प्रशासन का कोई नहीं है इनसे सीएम पहले एसडीएम वीरेंद्र कटारे एवं अरविंद माहौर ने अपने कार्यकाल में? जाम के निराकरण के लिए कई बार मीटिंग ली गई नगर पालिका एवं पुलिस प्रशासन को आदेश जारी किए गए।लेकिन जाम के हालात दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। जिससे वाहनों को निकलने में भारी परेशानी होती है और बार-बार जाम लग जाता है साथ ही मुख्य मार्ग पर ई रिक्शा वाहनों की संख्या ज्यादा बढ़ गई है मार्ग पर पुलिस प्रशासन का कोई सिपाही नहीं रहता है 3 दिन पहले मीटिंग में जाम से निपटने की एसडीएम मेघा तिवारी ने ली गई मीटिंग जनपद कार्यालय की मीटिंग में लिए निर्णय अनुसार बसें सवारियां बस स्टैंड में ही भरेंगीं और रास्ते में कहीं नहीं रुकेंगी नगर पालिका ई रिक्शा का पंजीयन करेगी।सड़क पर ठेले निर्धारित स्थान पर ही खड़े होंगे कमर्शियल वाहन सड़क पर खड़े नहीं रहेंगे दुकानदार अपनी दुकान के सामने ठेला या वाहन नहीं लगने देंगे स्थानीय नागरिक सतेंद्र जाटव का कहना सिविल अस्पताल से राम मंदिर तक जाम लगा हुआ है। एक घंटा होंने के बाद 2 घंटे और लगेंगे बस स्टैंड एवं उसके आसपास जाम खुलवाने के लिए कोई सिपाही मौजूद नहीं था

एसडीओपी राज कृष्णा ने का कहना अभी सबलगढ़ थाने पर बोल कर जाम खुलवाने सिपाहियों को भिजवाया जा रहा मीटिंग में निर्धारित किए गए बिंदुओं पर कार्य चल रहा है जल्द ही परिणाम सामने आएंगे।

चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर दें बाल विवाह की सूचना

बैतूल। देवउठनी एकादशी से शादी-विवाह की तैयारी शुरू हो चुकी है। ऐसे में जिले में बाल विवाह के खिलाफ मुहिम चला रहे गैरसरकारी संगठन प्रदीपन ने जिला प्रशासन व जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण (डीएलएसए) से बाल विवाहों की रोकथाम के लिए सख्त निगरानी और अत्यधिक सतर्कता बरतने का अनुरोध किया है। संगठन ने जिला प्रशासन को भेजी चिट्ठी में बाल विवाहों की रोकथाम सुनिश्चित करने के लिए कड़ी चौकसी की अपील की है, ताकि ऐसी कोई भी घटना प्रशासन की जानकारी से ओझल नहीं रह सके और तत्काल कार्रवाई की जा सके। साथ ही जन-जन तक यह संदेश पहुंचाना आवश्यक है कि यदि किसी भी व्यक्ति के पास किसी संभावित बाल विवाह की जानकारी है तो वह तत्काल पुलिस हेल्पलाइन (112), चाइल्ड हेल्पलाइन (1098) या स्थानीय थाने को सूचित करे ताकि इस अपराध को रोका जा सके।

तुलसी व शालिग्राम का विवाह राम जानकी मंदिर पर हुआ आयोजित

नवभारत न्यूज
सबलगढ़, 3 नवम्बर। हर साल कार्तिक महीने में शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि यानी देवउठनी एकादशी के अगले दिन तुलसी

महिलाओं ने गाए मंगल गीत

विवाह सम्पन्न कराया जाता है इस बार भी कार्तिक शुक्ल पक्ष एकादशी के दिन तुलसी विवाह रविवार को संपन्न कराया गया एकादशी के अगले दिन द्वादशी पर सिनेमा गली में स्थिति राम जानकी मंदिर पर रात्रि 8 बजे तुलसी मैया ओर शालिग्राम भगवान का विवाह बड़ी धूम धाम से किया गया।

हर साल कार्तिक महीने में शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि यानी देवउठनी एकादशी के अगले दिन तुलसी विवाह का आयोजन किया जाता है इससे एक दिन पहले भगवान विष्णु योग निद्रा से जागकर क्षीरसागर से बाहर आते हैं और शुभ कार्यों की शुरुआत करते हैं इसलिए इस दिन तुलसी माता और भगवान विष्णु (शालिग्राम रूप) का विवाह करवाना बेहद मंगलकारी माना जाता है कहा जाता है कि इस दिन तुलसी विवाह करवाने से घर में सुख, सौभाग्य और समृद्धि आती है यह विवाह देवी लक्ष्मी और भगवान विष्णु के मिलन का प्रतीक माना जाता है जो लोग तुलसी विवाह पूरे विधि-विधान से करते हैं, उनके घर में धन और वैवाहिक सुख की वृद्धि होती है तुलसी ओर शालिग्राम भगवान के विवाह के अवसर पर भक्ति रस में ओत प्रोत महिलाओं ने मंगल गीत गाए इस दौरान मंदिर के पुजारी हरीश शुक्ला ने तुलसी विवाह सम्पन्न कराया।